
# एस.एन.डी.टी. आर्टस एवं एस.सी.बी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स एवं साइंस, चर्चगेट, मुंबई – 20

## हिन्दी विभाग

**विभागीया गतिविधियाँ, वर्ष – २०२३-२४**

- शैक्षणिक भ्रमण

I. हिन्दी विभाग द्वारा दिनांक २९ फरवरी २०२४ को शैक्षणिक भ्रमण हेतु छत्रपती शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय में प्रदर्शनी देखने के लिये ले जाया गया। प्रदर्शनी का शीर्षक था - 'प्राचीन मूर्ति शिल्प' – भारत, मिस्त्र, सीरिया, यूनान, रोम प्रदर्शनी नैशनल म्यूज़ियम नई दिल्ली, ब्रिटिश म्यूज़ियम लंदन मध्यप्रदेश म्यूज़ियम और छत्रपति शिवाजी महाराज वास्तु संग्रहालय का संयुक्त आयोजन था। इस भ्रमण में बी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं को इस प्रदर्शनी में संसार की प्राचीनतम सभ्यताओं के सांस्कृतिक एवं सामाजिक जीवन की झांकियां देखने को मिली। यह शैक्षणिक भ्रमण अध्यक्ष हिन्दी विभाग डॉ. वंदना शर्मा, के मार्गदर्शन में किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में प्राध्यापक एवं छात्राओं को मिलाकर लगभग दस लोगों ने भाग लिया।



*शैक्षणिक भ्रमण (२९ फरवरी २०२४)*

II. दिनांक १८ मार्च २०२४ को बी.ए. द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की छात्राओं को मेरीटाइम हिस्ट्री सॉसायटी द्वारा आयोजित 'फोटो प्रदर्शनी' शीर्षक - Naval Uprising to National Uprising the last War of Independence में शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया। स्थान – आर्मी एवं नेवी बिल्डिंग, फोर्ट, मुंबई। इसमें प्राध्यापक सहित लगभग ७ लोग उपस्थित थे।

Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.

SNDT College of Arts & SCB College of Commerce & Science for Women
1, Nathibai Thackersey Road, Mumbai-400 020





*शैक्षणिक भ्रमण (१८ मार्च २०२४)*

III. दिनांक ०२ अप्रैल २०२४ को हिन्दी विभाग की छात्राओं को मेकर चेंबर नरीमन पॉइन्ट मुंबई अनुभव पर आधारित प्रायोगिक प्रदर्शनी शीर्षक 'Dialogue in the Dark' में शैक्षणिक भ्रमण हेतु ले जाया गया।





*शैक्षणिक भ्रमण (०२ अप्रैल २०२४)*

- वाक् स्पर्धा का आयोजन

I. हिन्दुस्तानी प्रचार सभा मुंबई एवं हिन्दी विभाग एस.एन.डी.टी. आर्टस एवं एस.सी.बी. कॉलेज ऑफ कॉमर्स एवं साइंस, चर्चगेट, मुंबई – २० के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक ८ फरवरी २०२४ को हिन्दी वाक् स्पर्धा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। ग्लोबल वार्मिंग – भविष्य के लिए भयानक त्रासदी, हमारी संस्कृति-हमारा गौरव, ऐशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता क्या भारत को ओलंपिक सुपरपावर बना सकती है। जैसे विषय वाक् स्पर्धा के लिए चयनित थे। **३६ छात्राओं ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।** प्रथम पुरस्कार मितिका गुनेले ३०००/-, द्वितीय पुरस्कार सोनम राजबहर २०००/-, तृतीय पुरस्कार तानिया म्हात्रे १५००/- ने प्राप्त किया। क्रमश: प्रगती पांडे एवं प्रेक्षा लक्ष्मण स्वामी ने एक – एक हजार रूपये के पुरस्कार प्राप्त किये। इस प्रतिस्पर्धा में जूनियर कॉलेज, कला विभाग एवं बीएससी आईटी की छात्राओं ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ. जास्वंदी वांबूरकर ने संबोधित करते हुए सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी। डॉ. रीता कुमार कार्यकारी निदेशक हिन्दुस्तानी प्रचार सभा ने हिन्दी विभाग को इसे सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए बधाई दी। डॉ. मंजूला देसाई पूर्व प्राचार्य नेशनल कॉलेज एवं प्रोफेसर कुसुम

Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.

त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन से छात्राओं का मार्गदर्शन किया। विभाग की अध्यक्षा डॉ.वंदना शर्मा ने स्वागत वक्तव्य में कार्यक्रम की सार्थकता पर प्रकाश डाला। विभाग की प्राध्यापक अनिता यादव एवं पिंकी सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग किया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किये गये।








- कार्यशाला का आयोजन

    I. हिन्दी विभाग द्वारा प्रायोगिक अनुभव  प्रदर्शनी ''डायलॉग इन द डार्क'' पर आधारित कार्यशाला का आयोजन दिनांक ०८ अप्रैल २०२४ को डिज़ाइनर एण्ड ऐजुकेटर आकांक्षा शर्मा के मार्गदर्शन में विभाग में किया गया। छात्राओं ने अनुभव पर आधारित इस कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने आप को समानुभूति और सामाजिक दायित्व के प्रति अपने आप को संवेदनशील बनाया। विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहयोगी प्राध्यापक अनिता यादव एवं पिंकी सिंह के सहयोग से कार्यशाला अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुई। लगभग १२ प्रतिभागियों ने इसमें उत्साहपूर्वक भाग लिया।











Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.


SNDT College of Arts & SCB College of Commerce & Science for Women
1, Nathibai Thackersey Road, Mumbai-400 020

- नाट्य मंचन

I. हिन्दी विभाग एवं महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में मूल मराठी से हिंदी में अनूदित प्रवीण तरडे द्वारा लिखित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नाटक का मंचन पाटकर हॉल में दिनांक २७ सितंबर २०२३ को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय कुलपति डॉ. उज्जवला चक्रदेव एवं माननीय उपकुलपति डॉ. रूबी ओझा ने किया। इस अवसर पर अकादमी के कार्याध्यक्ष डॉ. शीतलाप्रसाद दुबे, सदमिदेशक तथा सदस्य सचिव श्री सचिन निंबालकर उपस्थित थे। नाटक की प्रस्तुति सिंधू सखा संगम संस्था द्वारा निर्देशक ज्युली तेजवानी द्वारा की गई। AI जैसे सामयिक विषय को सृजनात्मक रूप में प्रस्तुत करके छात्राओं को मानवीय संवेदनाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस नाट्य मंचन की भूरि- भूरि प्रशंसा पदाधिकारियों, छात्राओं एवं दर्शकों द्वारा की गई। इसमें जूनियर एवं सीनियर कॉलेज की छात्राओं सहित लगभग २०० दर्शक उपस्थित थे।









शताब्दी गौरव
महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी
हिंदी महोत्सव में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' नाटक का सफल मंचन


महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के हिंदी महोत्सव में 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' नाटक का सफल मंचन

Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.

## महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के हिंदी महोत्सव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नाटक का सफल मंचन



[illegible]


- काव्य सुधा (कवि सम्मेलन)

I. हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक १६ सितंबर २०२३ को काव्य – सुधा कार्यक्रम का आयोजन कमरा नं. – ४१३ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. जितेन्द्र तिवारी ने की। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना दी। उप-प्राचार्य नीलिमा आढाव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में नगर के निम्नलिखित प्रतिष्ठित कवि एवं कवयित्रियों ने काव्य पाठ किया।

- कमलेश पाठक – पूर्व कार्यक्रम अधिकारी आकाशवाणी, मुंबई
- कविता गुप्ता – साहित्यकार, उद्यमी एवं समाजसेविका
- डॉ. अलका अग्रवाल सिग्तिया – साहित्यकार, निदेशक परसाई मंच
- सुनिल उपाध्याय – कवि, लेखक एवं वॉयस एक्टर

इस कार्यक्रम में जूनियर एवं सीनियर कॉलेज की छात्राओं ने काव्य पाठ किया। इस कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका रत्नमाला ने किया। प्राध्यापिका पिंकी सिंह, अनिता यादव, पल्लवी खैरे, निशा सिंह, रेखा यादव एवं सुष्मा अहिरे उपस्थित थे। लगभग ६० से ७० लागों ने कार्यक्रम का आनंद लिया।

Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.









- छात्राओं का प्रतिभाग

I. हिन्दी विभाग की तृतीय वर्ष की छात्राओं प्रीती, सोनम, सुवर्णा एवं दीपिका ने महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी मुंबई एवं एस.एन.डी.टी महिला विश्वविद्यालय मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक ०६ एवं ०७ मार्च २०२४ आयोजित राष्ट्र निर्माण में भारतीय स्त्रियों का योगदान (जगरानी प्रकल्प – नारी से नारायणी ) में भाग लिया।




Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.

II. हिन्दुस्तानी प्रचार सभा द्वारा दिनांक १६ एवं १७ फरवरी २०२४ को आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी ''साहित्य एवं समाज में महिला सशक्तिकरण के स्वर'' में विभाग की तृतीय वर्ष की छात्राऐं सम्मिलित हुई। विभाग की तृतीय वर्ष की छात्राऐं प्रीती, सोनम, मुस्कान,दीपिका, सुवर्णा, समीरा शेख, संजना राम एवं खुशबू परमार सम्मिलित हुई।







III. वर्ष 2023-24 में सोनम राजभर (तृतीय वर्ष), भगवती जाट (द्वितीय वर्ष) एवं राधिका पास (प्रथम वर्ष) ने हिन्दी में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये।



Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.

1, Nathibai Thackersey Road. Mumbai-400 020

- छात्राओं का आयोजन

    I. हिन्दी विभाग की छात्राओं द्वारा दिनांक १४ अप्रैल २०२४ को स्नेह - मिलन के कार्यक्रम के उपलक्ष्य में ''सवरंग'' कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना शर्मा ने की। विभाग के प्राध्यापक पिंकी सिंह एवं अनिता यादव ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में डायलॉग इन द डार्क कार्यशाला में भाग लेने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।







- व्यक्तिगत - वंदना शर्मा

    I. एस.एन.डी.टी. महिला विद्यालय, चर्चगेट की प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य किया। प्रभारी प्राचार्य के रूप में अनेक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों का समन्वयक एवं संयोजन किया।

    A. - अंतर महाविद्यालयीन स्पोर्ट्स मीट का समन्वय दिनांक १४, १५, १६ अक्टूबर २०२३









    B. १५ अगस्त २०२३ का स्वतंत्रता दिवस समारोह की समन्वयक

Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.

SNDT College of Arts & SCB College of Commerce & Science for Women
1, Nathibai Thackersey Road, Mumbai-400 020



C. समनवयक – 9 the Annual World Suicide Prevention Day Conference (09 September 2023)

D. एस.एन.डी.टी. महिला विद्यापीठ के प्रोजेक्ट "जानो अपना देश" के अंतर्गत आयोजित चार महाविद्यालयों के मध्य M.O.U. में बतौर प्रभारी प्राचार्य सहभाग एवं आयोजित कार्यक्रम की समन्वयक




E. एस.एन.डी.टी. महिला विद्यापीठ के प्रोजेक्ट "जानो अपना देश" के अंतर्गत आयोजित Indian Culinary Competition में बतौर प्रभारी प्राचार्य समन्वयक

II. हिन्दी अध्ययन मंडल की NEP के अंतर्गत पाठ्यक्रम निर्धारण बैठक में विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित २१ एवं २२ मार्च २०२४

III. एस.एन.डी.टी. महिला विद्यापीठ के "जानो अपना देश" के अंतर्गत एम.डी.शाह महिला महाविद्याय द्वारा आयोजित भारतीय लोकनृत्य स्पर्धा (२१ दिसंबर २०२३) में कोर कमिटी मेंबर के रूप में आमंत्रित

IV. एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय के "जानो अपना देश" प्रोजेक्ट के अंतर्गत मणिबेन नानावटी महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित राज्य रत्न प्रतिस्पर्धा में २७ जनवरी २०२४ को कोर कमिटी मेंबर के रूप में

V. एस.एन.डी.टी. महिला विद्यापीठ द्वारा आयोजित Symposium NEP – 2020 Challenges, Remedies, and the Way Forword के उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन



Principal (Add. Charge)
S.N.D.T. College of Arts & SCB College of
Commerce & Science for Women
New Marine Lines, Mumbai - 400 020.